# प्रलय मिसाइल

**स्रोत: पीआईबी**

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने ओडिशा तट के पास डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम द्वीप से प्रलय मिसाइल की दो लगातार सफल परीक्षण उड़ानें संचालित कीं।

- **प्रलय** एक **स्वदेशी रूप से विकसित ठोस प्रणोदक अर्द्ध-बैलिस्टिक मिसाइल** है, जो सटीक लक्ष्य भेदन के लिये **उन्नत मार्गदर्शन और नेविगेशन प्रणाली** से सुसज्जित है।
- प्रलय एक **कम दूरी की सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल है,** जिसकी **पेलोड क्षमता 500 से 1000 किलोग्राम** तक है और इसकी मारक **क्षमता 150 से 500 किलोमीटर** के बीच है।
  - यह मिसाइल विभिन्न लक्ष्यों के साथ कई प्रकार के हथियार ले जाने में सक्षम है, जिससे यह अनुकूलन और **प्रतिरोधक क्षमता/डिटरेंस** को बढ़ाती है।
- प्रलय का विकास हैदराबाद स्थित **रिसर्च सेंटर इमरत (RCI)** ने पुणे स्थित DRDO प्रयोगशालाओं के मुख्य सहयोग से किया है।
- अर्ध-बैलिस्टिक मिसाइलें **पारंपरिक बैलिस्टिक मिसाइलों** से अलग होती हैं क्योंकि ये **कम ऊँचाई** पर उड़ान भरती हैं और उड़ान के दौरान दिशा बदल सकती हैं, जिससे इन्हें **इंटरसेप्ट करना कठिन** होता है।

**और पढ़ें:** प्रलय मिसाइल

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pralay-missile-2